आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल ने कहा –भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था दुनिया भर में सम्मान अर्जित कर रही है।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण का क्षेत्रीय केंद्र, आज से भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए वन प्रबंधन पर अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है।
- मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव 2.0 के तहत प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों में साक्षरता कौ''ाल को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है।
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने में ग्राम पंचायतों की भूमिका' पर एक खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><><>

प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल ने कल गोवा में लोक सेवा में आई सी ए आई सदस्यों की आवासीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था दुनिया भर में सम्मान अर्जित कर रही है। डॉ. सहगल ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक, भारत लगभग छह दशमलव आठ से सात प्रतिशत की मज़बूत गति से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के बारे में वैश्विक धारणाएँ तेज़ी से बदल रही हैं और अब विदेशों में लोग भारत को अधिक सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इस बैठक का विषय विकसित भारत @2047 की परिकल्पना को साकार करने में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका था।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट

<><><><><><><><>

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पाठ्यक्रम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण प्रभाग की ओर से भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केंद्र, भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए वन प्रबंधन हेतु प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं संघर्ष समाधान कौशल पर एक सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है। प्र''िक्षण आज से 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 30 भारतीय वन सेवा अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत्त पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. आर.एस.सी. जयराज करेंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. दिलीप कुमार, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), डॉ. एस. दिनेश कन्नन, विशेष अतिथि होंगे।

<><><><><><><><>

मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव 2.0 के तहत कल प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए शब्द निर्माण, "चित्र खोज" और "अपनी पुस्तक बनाएँ" जैसी प्रतियोगिताओं आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देना, साहित्य के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना और पुस्तक प्रेमियों को एक मंच प्रदान करना था। ये गतिविधियाँ विशेष रूप से कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए रचनात्मकता और साक्षरता कौशल को बढ़ाने के लिए तैयार की गई थीं। इस अवसर पर शिक्षा उप निदेशक (योजना) अर्चना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ बातचीत कर उन्हें राज्य पुस्तकालय की सुविधाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। बच्चों की किताबें, सामान्य ज्ञान सामग्री, कथा साहित्य, कहानी की किताबें और प्रतियोगी परीक्षा संसाधनों के साथ–साथ पठन क्षेत्र भी उपलब्ध कराया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री कौ''ाल विकास योजना के तहत दे''ा भर में कौ''ाल विकास को बढ़ावा देने के लिए द्वीपसमूह में इंडिया स्किल प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रकिया शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता का उद्दे''य युवाओं को अपनी प्रतिभा और कौ''ाल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रद''ार्ित करने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में 63 विभिन्न स्किल्स शामिल हैं, जिसमें राज्यों और केन्द्र''ाासित प्रदे''ाों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। अभियान का नारा है–''अब समय है आपके कौ''ाल को नई ऊँचाईयों तक पहुंचाने का''। इच्छुक प्रतिभागी औद्योगिक प्र''िक्षण संस्थान, डॉलीगंज की ओर से जारी क्यू आर कोड या आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने नाम दर्ज करा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि पन्द्रह अक्तूबर है।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत फरारगंज स्थित खंड विकास कार्यालय, की ओर से हाल ही में 'अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण सुनिश्चित करने, बीमारियों की रोकथाम और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने में ग्राम पंचायतों की भूमिका' पर एक खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने में ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की क्षमता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में प्रधानों, पंचायत सचिवों, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं

और ग्राम पंचायत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर बीपीएम साक्षी साहा ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों प्रका"ा डालते हुए मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाने में ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। स्वास्थ्य शिक्षक मदन सिंह ने सामुदायिक स्तर पर निवारक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं और व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा के अंतर्गत, डिगलीपुर के ब्लॉक परियोजना कार्यालय ने विश्व डिस्लेक्सिया दिवस पर प्राथमिक विद्यालय, तालबागान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम "डिस्लेक्सिया को समझनाः आजीवन सफलता के लिए प्रारंभिक सहायता" विषय पर केंद्रित था। इसके अलावा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पीएम श्री मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सीतानगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 'मानसिक स्वास्थ्य मामलेः जागरूकता का निर्माण और सभी के लिए समर्थन' विषय पर जानकारी दी गई।

उधर, विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में, प्राथमिक विद्यालय नवाग्राम में एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर नियमित दृष्टि जांच और निवारक नेत्र देखभाल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार प्र"ासन भारत के एकमात्र सक्रिया ज्वालामुखी के लिए राउंड–वॉयज क्रूज सेवा शुरू करेगा–**द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** की बड़ी खबर है। इसके अलावा अखबार ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बच्चों में कफ सिरप के विवेकपूर्ण उपयोग पर पराम"ा जारी करने के समाचार को प्रकाि"ात किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने वार्ड नम्बर आठ में सफाई कर्मियों को आव"यक स्वच्छता और सुरक्षात्मक सामग्री वितरित करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे के स्वदे"ा नगर में हुई दुर्घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने जबकि चाथम जेट्टी के लिए बैटरी संचालित वाहन के परिचालन के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रकाि"ात किया है।

<><><><><><><>